स्वच्छता कार्ययोजना

सत्यमेव जयते

सत्यमेव जयते

स्वच्छता कार्य योजना

1. भूमिका

भारत सरकार ने 2 अक्तूबर, 2014 को स्वच्छ भारत मिशन की शुरूआत की, जिसका लक्ष्य 2 अक्तूबर, 2019 तक देश को स्वच्छ बनाना है। वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए 10 लाख के बजट से डीएसआईआर की स्वच्छता कार्य योजना तैयार की गई। डीएसआईआर-स्वच्छता कार्य योजना को पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय द्वारा सृजित स्वच्छता समर्पित पोर्टल (www.swachhtaactionplan.com) पर अद्यतित किया जा रहा है।

2. गतिविधियां

डीएसआईआर-स्वच्छता कार्य योजना के अंतर्गत, डीएसआईआर ने अपने अधिकारियों और कार्मिकों की सक्रिय भागीदारी के साथ कार्यालय परिसर के अंदर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया:

(i) 21 जून, 2017 को, डीएसआईआर, टेक्नोलॉजी भवन, नई दिल्ली-110016 में एक स्वच्छता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का प्रयोजन, भारत के माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा आरम्भ किए गए स्वच्छ भारत मिशन के प्रति डीएसआईआर के अधिकारियों और कार्मिकों को संवेदनशील बनाना था। इसका उद्देश्य डीएसआईआर के सभी अधिकारियों और कार्मिकों को उनके समर्थन और भागीदारी के लिए डीएसआईआर-स्वच्छता कार्य योजना के बारे में बताना भी था। श्री अक्षय राउत, विशेष कार्य अधिकारी, स्वच्छ भारत मिशन ने, 'एमडीडब्ल्यूएस के अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन की शुरूआत' पर एक संक्षिप्त प्रस्तुतीकरण दिया और स्वच्छ भारत मिशन और डीएसआईआर-एसएपी के महत्व पर बल देते हुए डीएसआईआर के अधिकारियों और कार्मिकों को संबोधित किया।

(ii) 'स्वच्छता की सेवा' पखवाड़ा के एक भाग के रूप में, डीएसआईआर द्वारा, 29 सितम्बर, 2017 को टेक्नोलॉजी भवन में 'स्वच्छता मिशन' की दिशा में एक प्रयास के रूप में जीरो डिस्चार्ज पॉलिसी के रूप में तकनीकी हस्तक्षेप पर एक सेमिनार आयोजित की गई। यह प्रस्तुतीकरण, औद्योगिक निस्सारी प्रबन्धन के क्षेत्र में कार्य कर रहे उद्योग के प्रतिनिधियों द्वारा दिया गया।

इस सेमिनार का उद्देश्य स्वच्छता मिशन में उद्योग के संबंधित क्षेत्रों की भागीदारी को बढ़ाना और जीरो लिक्विड डिस्चार्ज प्रणाली में उपलब्ध मौजूदा अद्यतन विकासों से डीएसआईआर के अधिकारियों को अवगत कराना था।

(iii) 'स्वच्छ भारत' अभियान पर माननीय प्रधान मंत्री के आह्वान तथा पेय जल और स्वच्छता मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुसरण में 1-15 नवम्बर 2017 के दौरान स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन सभी कार्मिकों द्वारा 'स्वच्छता शपथ' लेकर किया गया और दस अभियान में, न केवल कार्यालय में, बल्कि अपने परिवार के सदस्यों, आस-पास और अपने सामाजिक दायरे में भी जागरूकता का प्रसार करने पर जोर दिया गया। भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार निम्नलिखित गतिविधियां शुरू की गईं:

क. डीएसआईआर के सभी अधिकारियों ने श्रमदान किया और अनावयश्क फाइलों और रिकार्डों की छंटनी, कार्यस्थल और कार्यालय परिसर की सफाई करने के लिए एक गहन स्वच्छता कार्य किया गया। बड़े पैमाने पर सफाई कार्य के एक भाग के रूप में, ई-अपशिष्ट की पहचान की गई और उसे निपटान के लिए अलग किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए डीएसआईआर के चयनित अधिकारियों को प्रशस्ति प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

ख. डीएसआईआर के अधिकारियों द्वारा तैयार किए गए पोस्टर और स्लोगन तथा स्वच्छता के बैनर कार्यालय परिसर में लगाए गए।

ग. डीएसआईआर के अधिकारियों द्वारा, केन्द्रीय विद्यालय, एनसीईआरटी परिसर, नई दिल्ली में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान स्कूली छात्रों ने स्वच्छता के थीम पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया।

घ. इस शुरूआत में डीएसआईआर के 3000 से अधिक पणधारियों (उद्योग की संस्थागत अनुसंधान और विकास इकाइयों और वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान संगठन, साइरोज) को स्वच्छता पखवाड़ा मनाने और योगदान करने के लिए प्रेरित किया। डीएसआईआर से मान्यताप्राप्त उद्योग की आरएंडडी इकाइयों और साइरो द्वारा अनेक गतिविधियां शुरू की गईं। परिसर के भीतर और बाहर सफाई अभियान के अलावा, स्वच्छता जागरूकता को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न नए-नए अभियान जैसे स्कूलों में प्रतियोगिताएं, ग्रामीणों और स्कूली बच्चों के साथ पदयात्राएं, अपशिष्ट प्रबन्धन और जैव-खाद पर सेमिनार की गईं। इसके साथ-साथ स्वच्छता संदेश के प्रसार के लिए डीएसआईआर के पणधारियों द्वारा पौध रोपण अभियान, परिसर में निस्सारी उपचार सुविधा स्थापित करना और शौचालय निर्माण के लिए प्रतिबद्धता जैसी शुरूआतें की गईं। अनेक प्रतिभागियों (अनुसंधान संगठनों) ने पखवाड़ा के दौरान आयोजित गतिविधियों की रिपोर्टों, पहले और बाद के चित्रों और वीडियो का आपस में आदान प्रदान किया।

ङ विभाग ने अपनी मान्यताप्राप्त आरएंडडी इकाइयों द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित विभिन्न प्रौद्योगिकियों और उत्पादों के संकलन तैयार करने की शुरूआत की है जो स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में योगदान दे सकते हैं। इस संबंध में, डीएसआईआर ने अपने सभी पणधारियों, (डीएसआईआर से मान्यताप्राप्त उद्योग की संस्थागत आरएंडडी इकाइयां और अलाभकारी अनुसंधान संगठनों, साइरो) के बीच एक प्रश्नावली परिचालित की गई।

च. डीएसआईआर ने 1-15 नवम्बर, 2017 तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाने वाले संगठनों को मान्यता प्रदान की और इस अवधि के दौरान की गई शुरूआतों और गतिविधियों का एक संक्षिप्त विवरण भी शेयर किया, जिसकी सूची **अनुबंध 14** पर दी गई है।